# ओमशान्ति मीडिया

मूल्यनिष्ठ समाज की रचना के लिए समर्पित

वर्ष - 17 अंक-17 दिसम्बर-I, 2016 (पाक्षिक) माउण्ट आबू 8.00


# ग्लोबल अस्पताल का रजत जयंती महोत्सव

## फिल्म अभिनेत्री ग्रेसी सिंह, चिकित्सा राज्यमंत्री राजेन्द्र सिंह राठौड़ भी थे उपस्थित

**'मानवता की सेवा करते हुए हॉस्पिटल ने अपने 25 वर्ष पूरे किये हैं' - संस्था की मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी जानकी।**

**'पीड़ितों की सेवा करना एक महान पुण्य है। यह हर किसी से संभव नहीं होता है। - संस्था की अतिरिक्त मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी हृदयमोहिनी।**

**शांतिवन।** ब्रह्माकुमारीज़ के शांतिवन परिसर में ग्लोबल अस्पताल का सिल्वर जुबली कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इसमें सभी ने अपने विचार व्यक्त किये...

'स्वास्थ्य सेवाओं के व्यवसायीकरण पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार ने गांवों में सर्वे कराया था जिसमें हर दो में से एक व्यक्ति डायबिटीज़ से पीड़ित है। वहीं हर आठ में से एक व्यक्ति को हाईपरटेंशन है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार हर संभव अस्पताल को मदद करेगी, ताकि लोगों को जान माल का खतरा ना हो' - **चिकित्सा राज्यमंत्री राजेन्द्र सिंह राठौड़।**

'हमने अपने जीवन में योग को अपनाकर देखा है कि खुद को श्रेष्ठ बनाने के लिए इससे बेहतर दूसरी कोई औषधि नहीं है। इसलिए जो प्रतिदिन योग एवं राजयोग को जीवन में शामिल करता है उसे बीमारियों से मुक्ति मिलना स्वाभाविक है' - **राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति वी. ईश्वरैय्या।**

ग्लोबल अस्पताल की परिकल्पना के सर्जक तथा हॉस्पिटल के मैनेजिंग ट्रस्टी राजयोगी **ब्रह्माकुमार निर्वैर** ने कहा कि ग्रामीण इलाकों में रहने वाले आदिवासी तथा गरीब लोगों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराई जाए। इसके लिए हॉस्पिटल निरंतर प्रयासरत रहता है।

'स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता लाएं और दूसरों को भी इसके प्रति प्रेरित करें' - **संस्था के अति. सचिव ब्र.कु. बृजमोहन।**

कार्यक्रम में फिल्म अभिनेत्री ग्रेसीसिंह ने एक नृत्य नाटिका की प्रस्तुति दी। जिसमें वे देवी के रूप में नज़र आईं और इस नाटिका के माध्यम से महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया।



कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए राजयोगिनी दादी जानकी, दादी हृदयमोहिनी, ईशु दादी, ब्र.कु. निर्वैर, ब्र.कु. डॉ. बनारसी लाल शाह, डॉ. प्रताप मिड्ढा, ब्र.कु. मृत्युंजय, ब्र.कु. आत्म प्रकाश, ब्र.कु. भरत, ब्र.कु. पुष्पा, ब्र.कु. मुन्नी, ब्र.कु. मोहिनी,न्यूयॉर्क, ब्र.कु. शुक्ला व अन्य।

कार्यक्रम में महाराजा दैवियत सिंह, ब्र.कु. रमेश शाह, मेडिकल प्रभाग के अध्यक्ष डॉ. अशोक मेहता, संस्था के यूरोपीय सेवाकेन्द्रों की निदेशिका ब्र.कु. जयंती, सी.बी.आई. के पूर्व निदेशक डॉ. डी.आर. कार्तिकेयन, विधायक समाराम गरासिया, विधायक जगसीराम कोली, यूआईटी चेयरमैन सुरेश कोठारी, आबूरोड पालिका अध्यक्ष सुरेश सिंदल, भाजपा जिलाध्यक्ष लुंबाराम चौधरी, सीआरपीएफ आईजी बी.एस.चौहान, भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष हेमंत पुरोहित, भाजपा के पूर्व महामंत्री विरेन्द्र सिंह चौहान, नैरोबी ब्रह्माकुमारी सेवाकेन्द्रों की निदेशिका ब्र.कु. वेदांती सहित कई लोग उपस्थित रहे तथा अपनी शुभकामनाएं दीं।

## मानवता की सेवा में समर्पित ग्लोबल अस्पताल

ग्लोबल अस्पताल की पच्चीस वर्ष की उपलब्धियाँ बताते हुए ग्लोबल अस्पताल के निदेशक **डॉ. प्रताप मिड्ढा** ने कहा कि आबू रोड व माउण्ट आबू का पूरा क्षेत्र पिछड़े इलाकों में ही आता है। यहाँ जागरुकता का स्तर पढ़ाई से लेकर स्वास्थ्य तक बहुत कम है, इसीलिए मानवता की सेवा भी यह अस्पताल पूरी तरह से करता है। ऐसे में 'प्रिवेन्टिव हेल्थ केयर' कार्यक्रम के द्वारा स्वास्थ्य तथा स्वच्छता के प्रति जागरुकता लाई जा रही है जो अनुकरणीय है। ग्लोबल अस्पताल सिर्फ स्वास्थ्य नहीं, बल्कि शिक्षा के क्षेत्र में भी कार्य करता है जो कई गांव में स्कूल की शुरुआत कर बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरुक कर एक क्रान्तिकारी कार्य कर रहा है। पच्चीस साल के इस लम्बे सफर में उसने बुज़ुर्गों के लिए एक आधुनिक तथा सर्व सुविधाओं से सुसज्जित 'शिवमणि होम' को स्थापित कर एक नया मिसाल कायम किया है। इस विस्तार में नर्सिंग कॉलेज की स्थापना कर रोजगार उपलब्ध कराया तथा युवाओं को इस क्षेत्र में शिक्षित करने का कार्य बखूबी कर रहा है। ग्लोबल अस्पताल ने पच्चीस वर्ष में सिरोही, जालोर, नागौर सहित कई जिलों के छोटे छोटे गांव में स्वास्थ्य लाभ हेतु एक क्रान्ति लाई है। 'वैल्यू इन हेल्थ केयर प्रोजेक्ट' के अंतर्गत ग्लोबल हॉस्पिटल सैकड़ों कार्यक्रमों, सेमिनार, कॉन्फ्रेन्स आदि के द्वारा आध्यात्मिक जागृति कर सभी को एक उच्च स्तरीय बेहतर जीवन जीने का मार्ग प्रदर्शित कर रहा है। ग्लोबल अस्पताल ने एलोपैथी, होम्योपैथी, मैगनेट थैरेपी, आयुर्वेद, नेचरोपैथी, फिजियोथैरेपी, इस तरह की उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं एक ही अस्पताल में संजो कर अस्पताल का नाम सार्थक किया है। ये पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण यहाँ एक 'ट्रॉमा सेंटर' की सुविधा उपलब्ध करायी गई जो इस क्षेत्र में मिल का पत्थर साबित हुआ है। यह अस्पताल एक होली पैलेस की तरह तन और मन दोनों बेहतर बनाने की दिशा में एक अनुकरणीय स्थान बन गया है, जहाँ देश विदेश से लाखों पर्यटक भी इसका लाभ ले रहे हैं।।




ग्लोबल हॉस्पिटल द्वारा आधुनिक तकनीकि से सुसज्जित ट्रॉमा सेंटर,शांतिवन।

## योगाश्री डॉ. नागेन्द्र ने मुख्य प्रशासिका दादी जानकी से मुलाकात के दौरान राजयोग पर की चर्चा



'भारत विशिष्ट शक्तियों से विभूषित है। योग और अध्यात्म में तन और मन की बीमारी ठीक करने की सम्पूर्ण क्षमता है। योग तन को साधने और स्वस्थ रखने का बेहतरीन तरीका है, लेकिन यदि आत्मा को ठीक रखना है तो योग के साथ राजयोग ज़रूरी है। पिछले कुछ वर्षों में लोगों का रूझान योग के प्रति बढ़ा, इससे ही सम्पूर्ण बीमारियों से मुक्ति पाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि सारी बीमारियाँ सोच से पैदा होती हैं। यहाँ राजयोग के माध्यम से तन के साथ साथ मन के स्वास्थ्य की जागरुकता भी लाई जा रही है जो सराहनीय कदम है। उन्होंने संस्थान के इस कदम को कारगर भी बताया तथा अपनी शुभकामनाएं भी दीं। - **योग गुरू तथा विवेकानंद योग संस्थान के अध्यक्ष पद्मश्री एच.आर. नागेन्द्र।**